वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनी रत्न कंपनी







# प्रगति

जुलाई से सितंबर 2023

## वेकोलि की त्रैमासिक पत्रिका



# स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023

## टीम वेकोलि ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में 15 अगस्त, 2023 को उत्साह एवं उमंग के साथ "स्वतंत्रता दिवस" समारोह मनाया गया।

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने वेकोलि सुरक्षा गारद की परेड का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। तत्पश्चात, उन्होंने टीम वेकोलि को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कंपनी के उत्पादन, उत्पादकता, पर्यावरण संरक्षण, खनन कार्यों में सुरक्षा, सीएसआर की गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कंपनी में नई तकनीक और नए उपकरणों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि गत वर्ष की तरह, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड इस वित्तीय वर्ष में भी समय से पूर्व अपना उत्पादन का लक्ष्य पूर्ण करेगा। उन्होंने कर्मियों से आह्वान किया कि कोयला उत्पादन के माध्यम से देश की उन्नति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

वेकोलि मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी संचालन एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, सीवीओ श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, वेकोलि संचालन समिति के सदस्य, कल्याण मंडल के सदस्य, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्यालय के महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष गण प्रमुखता से उपस्थित रहे।

# टीम वेकोलि ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस





तत्पश्चात, सीएमडी श्री मनोज कुमार, निदेशक गण एवं अन्य गणमान्यों ने सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों तथा उनके बच्चों को दसवीं, बारहवीं एवं उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट अंक लाने और विशिष्ट उपलब्धियाँ अर्जित करने के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने के लिए खदानों एवं क्षेत्रों को भी सम्मानित किया गया। बेस्ट क्षेत्र के पुरस्कारों की श्रेणी में वणी नॉर्थ क्षेत्र को प्रथम, उमरेड क्षेत्र को द्वितीय तथा पेंच क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी गण बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए।

# डब्ल्यूसीएल सुपर 30 - TARASH के अंतर्गत 30 छात्रों को आईआईटी-जेईई तथा एनईईटी के लिये किया जायेगा प्रशिक्षित



डब्ल्यूसीएल सीएसआर के अंतर्गत उत्कृष्ट छात्रों की प्रतिभा निखारने एवं उनकी उच्च शिक्षा में सक्रिय सहयोग देने हेतु प्रोजेक्ट डब्ल्यूसीएल सुपर 30 – TARASH (Talent Amplification of Rural Youth through Aggressive Skill Hunt) की शुरुआत की गई। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 30 छात्र-छात्राओं की प्रथम बैच का शुभारंभ दिनांक 22.05.2023 को डब्ल्यूसीएल मुख्यालय में किया गया।

यह छात्र चंद्रपुर तथा नागपुर में आयोजित विशेष परीक्षा द्वारा चयनित किए गए है। इनमें 19 लड़कियाँ तथा 11 लड़कों का समावेश है। इन में से 15 छात्रों को आईआईटी-जेईई (IIT-JEE) तथा शेष 15 को एनईईटी (NEET) परीक्षाओं के लिए आकाश-बायजू के केंद्र में दो वर्षों तक प्रशिक्षित किया जायेगा।

कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक) डॉ संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी एवं सीवीओ श्री ए. एम. म्हेत्रे उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा की उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए। कठोर परिश्रम तथा पूर्ण एकाग्रता से ही कठिन तम कार्य को भी सफल किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) डॉ संजय कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए आशा व्यक्त की कि सभी छात्र अपने निर्धारित लक्ष्य को हासिल करेंगे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत संबोधन श्री ए एन वर्मा, विभागाध्यक्ष (कल्याण/सीएसआर) ने किया। कार्यक्रम में ज़िला शिक्षा अधिकारी, चंद्रपुर श्रीमती अनिता ठाकरे, आकाश बायजू के श्री प्रतीक सारडा, वेकोलि के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा छात्रों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन श्री रॉबिन चटर्जी, प्रबंधक (कल्याण) ने किया।

# वेकोलि ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस





दिनांक 21.06.2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वेकोलि मुख्यालय स्थित कोल क्लब में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह ने टीम वेकोलि के सदस्यों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। योग गुरु श्री अशोक गांधी ने कोल क्लब में सभी को विभिन्न आसन कराएं तथा इन आसनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मीयों ने भी योगाभ्यास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग का सक्रिय योगदान रहा।

इसी प्रकार वेकोलि मुख्यालय के झंकार महिला मंडल द्वारा भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास किया गया। सांस्कृतिक भवन में आयोजित योग दिवस के इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अनीता अग्रवाल तथा उपाध्यक्षा सर्व श्रीमती आभा द्विवेदी, इंदू सिंह एवं सोनाली म्हेत्रे ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सर्व श्रीमती गायत्री सातवकर तथा चरणजीत कौर ने योगाभ्यास कराया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने किया। योग दिवस का कार्यक्रम, मुख्यालय के साथ-साथ वेकोलि के सभी क्षेत्रों में आयोजित किया गया।

# विश्व रक्तदान दिवस पर वेकोलि में रक्तदान शिविर का आयोजन





विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में वेकोलि के चिकित्सा विभाग तथा डॉ. हेडगेवार रक्त कोष, नागपुर के सयुंक्त तत्वावधान में दिनांक 14 जून, 2023 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 45 यूनिट रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर वेकोलि की प्रमुख चिकित्सा सेवाएं डॉ सुजाता सरमुकद्दम मुख्य अतिथि के रूप में तथा हेडगेवार रक्त कोष के डॉ. रामकृष्ण बालाजी रणदिवे विशिष्ट अतिथी के रूप में उपस्थित रहे। रक्त दान शिविर को सफल बनाने में वेकोलि के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पृथ्वी कृष्णा पट्टा सहित मेडिकल विभाग की टीम एवं हेडगेवार रक्त कोष के टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का.-2) की छमाही समीक्षा बैठक और पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न



दिनांक 13-06-2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), नागपुर (कार्यालय-2) की छमाही समीक्षा बैठक एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष, नराकास (का.-2) एवं सीएमडी, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय कुमार, निदेशक (कार्मिक), वेकोलि, डॉ. महेश सुरेश खुमकर, आयडीएएस, वायु सेना तथा डॉ. वाय. जी. काले, खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो उपस्थित रहे। उप निदेशक (कार्यान्वयन), मुंबई डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ी और अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं राजभाषा प्रमुख श्री आर. के. सिंह एवं महाप्रबंधक (कार्मिक) श्री पी. नरेंद्र कुमार ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए नराकास (का.-2) के अध्यक्ष एवं सीएमडी डब्ल्यूसीएल श्री मनोज कुमार ने कहा कि हिंदी देश की अखंडता में अपनी सार्थक भूमिका निभाती है। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार को आवश्यक बताते हुए सभी सदस्य कार्यालयों को अधिक-से-अधिक कार्य राजभाषा हिन्दी में करने और गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस दिशा में सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक इस्तेमाल पर बल दिया।




कार्यक्रम के प्रारंभ में वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुखों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें हिंदी को मुख्य भाषा के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने हिंदी के प्रचार-प्रसार में नराकास के भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

बैठक में गत 6 माह में आयोजित नराकास-2 की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वेकोलि के मौलिक पुस्तक लेखन योजना के अंतर्गत पुस्तक 'बिंब का प्रतिबिंब' (काव्य-संग्रह) के लिए डॉ. मनोज कुमार, उप प्रबंधक (राजभाषा) को अतिथियों ने सर्टिफिकेट एवं रूपए 25,000/- रूपये की पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित किया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई एवं आम सहमति बनी। इस अवसर पर सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान नराकास (का.-2) के सदस्य कार्यालयों / विभागों के प्रमुख सहित सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी, अनुवाद अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नराकास-2 के सदस्य सचिव एवं उप प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. मनोज कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ईपीएफओ के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री अरुण कुंभारे ने किया।

# वेकोलि में प्रोजेक्ट SUSHRUTA (Survey, Understand & Solve Healthcare issues in Rural, Underprivileged and Tribal Areas) की शुरुआत






भारत में लगभग 4.2 करोड़ व्यक्तियों को स्वयं को बीटा थैलेसीमिया होने का पता नहीं होता। सिकल सेल और थैलेसीमिया आनुवंशिक होने की वजह से यह आगे की पीढ़ीयों में भी पाया जाता है। इन सिकल सेल और थैलेसीमिया के वाहकों की पहचान के लिए, यह आवश्यक है कि उन में इस विषय की जागरूकता बढ़े, उनकी स्क्रीनिंग तथा पहचान हो और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जाए।

प्रोजेक्ट SUSHRUTA के अंतर्गत वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड, लोक कल्याण डायग्नोस्टिक के सहयोग से, महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर एवं यवतमाल जिलों तथा मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और बेतुल जिलों में रहने वाले 15-35 वर्ष आयु के 25000 व्यक्तियों की जेनेटिक विकारों जैसे सिकल सेल और थैलेसीमिया के लिए स्क्रीनिंग करेगा।

समय पर पहचान एवं समुचित परामर्श से इन विकारों से प्रभावित व्यक्तियों के लिए जीवन का बेहतर प्रबंधन संभव हो सकेगा तथा उनकी जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# कोल इंडिया लिमिटेड का लर्निंग एंड डेवलपमेंट कॉन्क्लेव - 2023 संपन्न






दिनांक 14.07.2023 को नागपुर के होटल रेडिसन में 'सीआईएल में उभरते प्रतिमान और मानव संसाधन विकास की बदलती गतिशीलता (Emerging PARADIGMS & Changing Dynamics of HRD In CIL)' की थीम पर आधारित कोल इंडिया लिमिटेड का लर्निंग एंड डेवलपमेंट कॉन्क्लेव - 2023 का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि, श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया लिमिटेड थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि कोयला उद्योग की तरक़्क़ी के लिए कोयला क्षेत्र की चुनौतियाँ के अनुरूप श्रम शक्ति को तैयार करना आवश्यक है। उन्होंने कहा की प्रबंधन में नई स्किल तथा सोच ज़रूरी है, तभी वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। इसमें मानव संसाधन विभाग की भूमिका को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा कि मैन पॉवर का सही नियोजन और उनका समुचित प्रशिक्षण आवश्यक है तथा इस दिशा में प्रेरक माहौल बना कर कर्मियों का मनोबल हमेशा ऊंचा रखें।

समापन सत्र में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने कहा कि बदलाव की छोटी पहल भी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन पूरे





कोल इंडिया के लिए पथ प्रदर्शक साबित होगा। उन्होंने इस सम्मेलन आयोजन का दायित्व वेकोलि पर सौंपने के लिए सीआईएल के प्रति आभार प्रकट किया।

कोल इंडिया गीत के साथ प्रारंभ इस सम्मेलन में स्वागत एवं प्रस्ताविक संबोधन डॉ. संजय कुमार, निदेशक (कार्मिक), वेकोलि ने किया। उन्होंने इस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व वेकोलि पर सौंपने के लिए सीआईएल के प्रति आभार प्रकट किया।

सम्मेलन में सीएमपीडीआई के निदेशक (कार्मिक) श्री एस. के. गुमाश्ता तथा आईआईसीएम, राँची की कार्यकारी निदेशक श्रीमती कामाक्षी रंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

अतिथि वक्ताओं ने लर्निंग एंड डेवलपमेंट से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालते हुए, प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने लर्निंग एंड डेवलपमेंट के सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने वक्ताओं से प्रश्न पूछे। कॉन्क्लेव के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (मासंवि/प्रशासन/जनसंपर्क), वेकोलि श्री पी नरेंद्र कुमार ने किया।

इस अवसर पर सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों से मानव संसाधन विभाग के प्रमुख तथा वरिष्ठ अधिकारी गण आदि की प्रमुख उपस्थिति रही। सम्मेलन का संचालन श्रीमती हरप्रित कौर, प्रबंधक (कार्मिक) तथा श्रीमती ऋतु सिंह, प्रबंधक (कार्मिक) ने किया।

# वेकोलि को मिला 'स्वच्छता पखवाड़ा अवार्ड'




स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु वेकोलि निरंतर प्रयत्नशील रहता है। इस दिशा में वेकोलि द्वारा कई सफल गतिविधियाँ क्रियान्वित की गई है, जिनके परिणाम उत्साहजनक है। इन कारगर प्रयासों का संज्ञान लेते हुए, कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2023 के लिए वेकोलि को 'स्वच्छता पखवाड़ा  अवार्ड' से सम्मानित किया।

दिनांक 06.09.2023 को कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, के सचिव श्री अमृत लाल मीना द्वारा वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार को यह अवार्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री कुमार के साथ वेकोलि के निदेशक (तकनीकी एवं कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी भी उपस्थित थे। सीएमडी श्री मनोज कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय टीम वेकोलि को देते हुए सभी कर्मियों को बधाई दी।

कोयला मंत्रालय द्वारा यह पुरस्कार तय मानदंडों के आधार पर दिया जाता है, जिसमें जन-मानस में स्वच्छ भारत अभियान के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई पहल आदि शामिल है। उल्लेखनीय है कि वेकोलि द्वारा वृक्षारोपण, जागरूकता शिविर, स्वच्छता अभियान, विशेष अभियानों के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों के उपयोग तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने  के लिए वर्ष भर कई गतिविधियां की गई।

# वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र के तवा भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर का उद्घाटन

***सचिव, कोयला मंत्रालय श्री अमृत लाल मीणा ने ऑनलाइन किया उद्घाटन***







दिनांक 26.09.2023 को वेकोलि के पाथाखेड़ा क्षेत्र की तवा भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर का उद्घाटन किया गया। कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, के सचिव श्री अमृत लाल मीणा, भा.प्र.से ने ऑनलाइन माध्यम से यह उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में भूमिगत खदान में मशीनीकरण के महत्व एवं कंटीन्यूअस माइनर की वेकोलि में उपयोगिता के विषय पर, विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि वेकोलि में भूमिगत खनन के जरिए वर्ष 2022-23 में 2.89 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया, जिसे वर्ष 2030 तक 10 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। उन्होंने आगे कहा कि इसके पूर्व, पहला कंटीन्यूअस माइनर तवा-II खदान में एवं दूसरा छतरपुर-1 खदान में लगाया गया था। उन्होंने कहा कि इस मशीनीकरण से पाथाखेड़ा क्षेत्र का कोयला उत्पादन वर्तमान के 12 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़कर वर्ष 2030 तक 30 लाख टन प्रति वर्ष हो जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि तवा-II एवं छतरपुर-1 खदान में कंटीन्यूअस माइनर लगाने से कोयला उत्पादन के व्यय में क्रमशः 1000/- रूपए प्रति टन एवं 2200/- रूपए प्रति टन की कमी दर्ज की गई है। तवा-2 खदान में आउटपुट पर मैन शिफ्ट (ओएमएस) में 25% एवं छतरपुर-1 में 214% की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी तकनीकी पहल से व्यय में कटौती और मुनाफे एवं उत्पादकता में वृद्धि संभव हो सकेगी।

सचिव, कोयला मंत्रालय श्री अमृत लाल मीणा में अपने संबोधन में वेकोलि को इस तकनीकी पहल के लिए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि भारत में भूमिगत कोयला खनन के माध्यम से केवल 4% कोयला उत्पादन किया जाता है, जिसे देश की बढ़ती कोयला आवश्यकताओं के अनुरूप बढ़ाना आवश्यक है।





उन्होंने कहा कि इस माध्यम से भूमि तथा जंगल से संबंधित समस्याएँ कम होंगी तथा उत्पादन में विस्तार होगा।

कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन श्री पी. एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में बताया कि विस्तृत मशीनीकरण से कोयला उत्पादन में वृद्धि हासिल की जा सकती है। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड में आगे भी भूमिगत खदानों में कंटीन्यूअस माइनर जैसी आधुनिक तकनीकी अपनाने पर ज़ोर दिया।

उद्घाटन समारोह में वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, सीएमडी के तकनीकी सचिव श्री तरुण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष, संचालन समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। ऑनलाइन माध्यम से कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री नागराजू एवं श्रीमती विस्मिता तेज, सीआयएल के कार्यकारी निदेशकगण और सीवीओ, अनुषंगी कंपनियों के सीएमडी तथा वरिष्ठ अधिकारी गण जुड़े।

# वेकोलि में राजभाषा पखवाड़ा संपन्न

## 'क' क्षेत्र में पाथाखेड़ा, 'ख' क्षेत्र में वणी पुरस्कृत

### पखवाड़े के दौरान हरिशंकर परसाई की जन्मशती पर कार्यक्रम का आयोजन





14 सितम्बर 2023 से प्रारंभ राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का 28 सितम्बर, 2023 को समापन हुआ। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि, अध्यक्ष-सह- प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने के लिए "क" क्षेत्र में पाथाखेड़ा और "ख" क्षेत्र में वणी को राजभाषा शील्ड प्रदान की। समापन समारोह में पखवाड़े के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

इस अवसर पर सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी एक सरल भाषा है और हमें इस भाषा को पूर्णतः अपनाना चाहिए। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रसार के लिए अधिक प्रोत्साहन देने पर बल दिया। उन्होंने सभी भाषाओं को महत्वपूर्ण एवं सम्माननीय बताते हुए हिंदी भाषा के साथ स्थानीय भाषाओं को अपनाने की बात कही। उन्होंने सभी से, दैनंदिन वार्तालाप के साथ ही कार्यालय के कामकाज में भी हिंदी भाषा का इस्तेमाल करने का आह्वान किया। श्री कुमार ने राजभाषा हिंदी के उन्नयन के लिए प्रयासरत राजभाषा विभाग की टीम की प्रशंसा एवं सराहना की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि निदेशक तकनीकी (संचालन) एवं निदेशक (कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने संबोधन में राजभाषा पखवाड़े को नई शुरुआत बताते हुए आग्रह किया कि सभी हिंदी भाषा के लिए वर्ष भर समर्पित रहे। उन्होंने वर्तमान स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वेकोलि में हिंदी भाषा के व्यापक इस्तेमाल के लिए वातावरण अनुकूल है। भाषा में सरल शब्दों के प्रयोग पर बल देते हुए उन्होंने कर्मियों से अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने का आग्रह किया।

# वेकोलि में राजभाषा पखवाड़ा संपन्न




इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएँ दी।

समारोह के प्रारंभ में अतिथि गण ने माँ सरस्वती की वंदना की। इसके उपरान्त महाप्रबंधक (कार्मिक/प्रशासन) श्री पी. नरेन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक (का./औ.सं.) एवं राजभाषा प्रमुख श्री आर. के. सिंह एवं महाप्रबंधक (कार्मिक / अधिकारी स्थापना) श्री ए. के. सिंह ने पुस्तक भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया।

उप महाप्रबंधक (का./औ. सं.) एवं राजभाषा प्रमुख श्री आर. के. सिंह ने अपने स्वागत भाषण में बताया की पखवाड़े के दौरान कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इनमें टिप्पण एवं आलेखन, भाषण, स्व-रचित काव्य, स्लोगन, अंताक्षरी, प्रश्न मंच, क्विज आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। साथ ही प्रसिद्ध साहित्यकार श्री हरिशंकर परसाई की जन्मशती के उपलक्ष्य में क्विज एवं व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कंपनी में हिंदी के बढ़ते प्रचलन का जिक्र करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार एवं प्रसार के उद्देश्य से किए गए विविध कार्यों के बारे में अवगत कराया।

कंपनी स्तरीय स्व-रचित काव्य स्पर्धा के प्रथम और द्वितीय विजेताओं क्रमशः श्री शैलेश कुमार लड्ढा, कन्हान क्षेत्र और श्री प्रकाश कुमार दास, वणी क्षेत्र, ने अपनी रचनाओं का पाठ किया, जिनका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में मुख्यालय तथा क्षेत्रों के कर्मी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (राजभाषा/जनसंपर्क) डॉ. मनोज कुमार ने किया।

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

एक मिनी रत्न कंपनी